Chapter – 13

Search Engine Kya Hai (सर्च इंजन)

Search Engine (सर्च इंजन)

वेबसाइट मे सर्च इंजन एक अत्याधिक लोकप्रिय तथा सुविधाजनक प्रोग्राम

है। सर्च इंजन एक ऐसा प्रोग्राम है जो इंटरनेट पर उपलब्ध सूचनाओ मे से किसी विशेष सूचना को ढूढकर हमारी स्क्रीन पर प्रदर्शित करता है, जैसे किसी संस्था, कंपनी, कॉलेज, विश्वविद्यालय इत्यादि के बारे मे हमे कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो इसके लिये हम Search Tool का प्रयोग करते है तथा इनमे से जिसके बारे मे विस्तृत जानकारी प्राप्त करना चाहते है वह जानकारी प्राप्त कर सकते है। चलिये पोस्ट की शुरुवात सर्च इंजन की परिभाषा के साथ करते है.

सर्च इंजन क्या है (What is Search Engine in Hindi)

सर्च इंजन एक तरह का कंप्यूटर प्रोग्राम है जहा से किसी भी तरह की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उदाहरण के लिये Google, Bing, Yahoo, Baidu और Yandex लोकप्रिय खोज इंजन है. Search Engine का आविष्कार सबसे पहले कनाडा में सन 1990 में हुआ था।

Types of Search Engine

विभिन्न प्रकार के निम्नलिखित सर्च इंजन इंटरनेट पर उपलब्ध है|

1. Google
2. Yahoo
3. Altavista
4. Lycos
5. HotBot
6. DuckDuckGo
7. AOL

यह सभी सर्च इंजन का॑फी लोकप्रिय है। इनमे से सबसे अधिक लोकप्रिय तथा अत्याधिक प्रयोग किया जाने वाला सर्च इंजन Google है। गूगल मे किसी सूचना को Search करने के लिये निम्नलिखित Steps को Follow करते है-

Step 1 : वेब ब्राउजर मे वेबसाइट के URl को Type करते है तथा Enter Key को Press करते है।

Step 2 : इसके पश्चात् गूगल की Website का Home page स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है।

Step 3 : गूगल के होम पेज प्रदर्शित Search Box मे उस शब्द को Type करते है जिसको सर्च करना है, जैसे किसी विश्वविद्यालय, कंपनी का नाम इत्यादि। इसके बाद Search Button पर Click करते है।

Step 4 : Search Box मे डाले गये शब्द के अनुरूप सूचना तथा लिंक Screen पर प्रदर्शित होते है।